संपादकीय

कोरोना का रोना

यह चिंता की बात है कि देश में 31 व्यक्ति कोरोना वायरस से सं मित पाये गये हैं। बुधवार को खुद स्वास्थ्य मंत्री हर्षवर्धन ने यह जानकारी दी है। इन सं मित लोगों में 16 इटली के पर्यटक हैं और एक उनके साथ चल रहा भारतीय। वहीं इटली से लौटे दिल्ली के भारतीय नागरिक के सं मित होने की पुष्टि हुई थी, जिसने नोयडा के स्कूली छात्रों को पार्टी दी थी, जिसके चलते इन स्कूलों को बंद किया। अब इसी व्यक्ति के आगरा निवासी छह परिजन भी सं मित हैं। वहीं दुबई से आये तेलंगाना निवासी के भी सं मित होने की बात सामने आई थी। निःसंदेह यह चिंता की बात तो है, मगर घबराने की नहीं। याद रहे कि केरल में सबसे पहले सं मित तीन लोग स्वस्थ होकर घर लौटे हैं। चीन के वुहान से शुरू हुआ कोरोना वायरस अब तक दुनिया के पचास देशों को चपेट में ले चुका है। ध्यान रहे कि कोरोना वायरस से सं मित होने का मतलब यह नहीं है कि मौत निश्चित है। जरूरी है कि विदेशों से आने वाले सभी यात्रियों की जांच हो। पहले जहां चीन, ईरान, सिंगापुर, जापान, दक्षिण कोरिया आदि बारह देशों से आने वाले यात्रियों की जांच की जा रही थी, अब सरकार ने सभी देशों की यात्रियों की जांच का फैसला किया है। भारत सरकार ने समय रहते सतर्कता के कदम उठाये हैं, यही वजह है कि भारत में कुछ अन्य देशों जैसा असर नजर नहीं आया है। यह भी एक कड़वा सच है कि हर साल विभिन्न फ्लू रोगों से पांच लाख से अधिक लोग प्रतिवर्ष मरते हैं। उसके मुकाबले कोरोना वायरस से हुई क्षति कम है। मगर दिक्क त यह है कि अभी तक इस रोग का टीका नहीं ढूंढ़ा जा सका है, जिसके चलते भय का माहौल पैदा हो गया है। बाकी बाजार व अज्ञानता की भूमिका भय के प्रसार में ज्यादा रहती है।

दरअसल, इस वायरस के साथ बड़ी दिक्क त यह भी है कि इसके लक्षण भी सामान्य सर्दी जुकाम जैसे ही हैं, जो हमारे श्वसनतंत्र को प्रभावित करते हैं। कारगर उपचार के अभाव में सतर्कता महत्वपूर्ण हो जाती है। जब वैज्ञानिक इसके पैटर्न को समझ लेंगे तो इसका उपचार आसान हो सकेगा। बहरहाल, फिलहाल इसकी चुनौती बड़ी है। खतरा बाहरी है, विदेशी पर्यटकों के आवागमन से इसका विस्तार हुआ है। सरकार ने इस दिशा में तेजी से कदम उठाये हैं। भारतीय नागरिकों को विदेश न जाने की एडवाइजरी जारी की गई है। निगरानी के लिए एक मंत्री समूह बनाया है और जरूरी दवाओं के निर्यात पर रोक लगायी है। साथ ही जिला स्तर के अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड बनाने के निर्देश दिये हैं। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि राज्य सरकारें भी जनता को इस रोग के प्रति जागरूक करें, स्वच्छता का ध्यान रखें और अस्पतालों में उपचार की सुविधाओं की निगरानी करें। यह भी जरूरी है कि चीन ने जिस तरह इस बीमारी का मुकाबला किया, उसके अनुभवों को साझा किया जाना जरूरी है। आम लोगों को बताया जाना चाहिए।

दिल्ली में होने वाला निशानेबाजी विश्व कप स्थगित

नईदिल्ली। दुनियाभर में फैले खतरनाक कोरोना वायरस के चलते दिल्ली की कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में 15 से 26 मार्च तक होने वाले निशानेबाजी विश्व कप (राइफल, पिस्टल और शॉटगन) को स्थगित कर दिया गया है और अब इसका आयोजन दो हिस्सों में मई और जून में किया जाएगा।

भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ के अध्यक्ष तथा अंतराष्ट्रीय राइफल महासंघ (आईएसएफ) के उपाध्यक्ष रणइंदर सिंह ने शुक्रवार को यहां जारी एक बयान में

» अब दो चरणों में होगा आयोजन

बताया कि कोरोना वायरस के चलते इस विश्व कप को स्थगित करने का फैसला लेना पड़ा है। उन्होंने बताया कि इस फैसले की जानकारी भारत सरकार और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) को दे दी गई है। रणइंदर ने कहा, कोरोना इस समय दुनिया के 93 देशों में फ़ैल चुका है और इसका असर हमारे सदस्य देशों में दिखाई दे रहा है। प्रभाव के मामले में नयी दिल्ली विश्व कप भी अपवाद नहीं है।

शुरू में सात देश इस विश्व कप से हटे थे लेकिन कोरोना के वैश्विक फैलाव के चलते 23 देश इस टूर्नामेंट से हट गए है। इन 23 देशों के 240 खिलाड़ियों और 114 अधिकारियों ने विश्व कप में हिस्सा लेना था। यह कह पाना मुश्किल था कि सभी देश और निशानेबाजी इस विश्व कप में हिस्सा ले पाएंगे। उन्होंने कहा,आयोजन समिति ने तमाम हालात को देखते हुए आईएसएसएफ और उसके अध्यक्ष व्लादिमीर लिसिन को सिफारिश की है कि 15 से 26 मार्च तक होने वाला नयी दिल्ली विश्व कप (संयुक्त) स्थगित कर दिया जाए। हमने साथ ही यह भी सिफारिश की है कि इस विश्व कप को दो हिस्सों में कराया जाए।

राइफल और पिस्टल स्पर्धाओं को पांच से 12 मई तक तथा शॉटगन स्पर्धाओं को जून के पहले सप्ताह में 2 से 9 तारीख तक कराया जाए। रणइंदर ने साथ ही कहा, भारत में मई और जून का महीना काफी गर्मी वाला होता है और ऐसे समय में विश्व कप को कराने में कोई परेशानी नहीं होगी तथा हम हिस्सा लेने वाले सभी खिलाड़ियों को पूरी सुविधाएं उपलब्ध कराएंगे। ओलंपिक चालिफिकेशन को हमें आईओसी द्वारा आईएसएसएफ को दी गयी समय सीमा को भी देखना होगा। आयोजन समिति आईएसएसएफ के अध्यक्ष को आग्रह करेगी कि दोनों विश्व कप के लिए रैंकिंग अंक बहाल किये जाएं।

पेट्रोल, डीजल के दाम में लगातार तीसरे दिन मिली राहत, कच्चा तेल लुढ़का

नईदिल्ली (आरएनएस)। पेट्रोल और डीजल के दाम में कटौती का सिलसिला शनिवार को लगातार तीसरे दिन जारी रहा। तेल विपणन कंपनियों ने फिर पेट्रोल और डीजल के दाम में 12.13 पैसे प्रति लीटर की कटौती की है। उधर, अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पिछले सत्र में कच्चे तेल में करीब नौ फीसदी की गिरावट आई। जिससे आने वाले दिनों में पेट्रोल और डीजल और सस्ते होंगे। देश की राजधानी दिल्ली में लगातार तीन दिनों में पेट्रोल 42 पैसे प्रति लीटर सस्ता हो गया है, जबकि डीजल का दाम 34 पैस प्रति लीटर घट गया है। कोरोनावायरस के प्रकोप के चलते कच्चे तेल के दाम में भारी गिरावट आई है, जिससे पेट्रोल और डीजल के भाव में लगातार कटौती की जा रही है।

कोरोना से क्रूड पस्त, जून 2017 के बाद निचले स्तर पर ब्रेंट

» आखिरी सत्र मेंकच्चे तेल के दाम में करीब नौ फीसदी की गिरावट

नईदिल्ली (आरएनएस)। दुनियाभर में कोरोनावायरस के कहर से क्रूड यानी कच्चा तेल पस्त हो गया है। बेंचमार्क कच्चा तेल ब्रेंट क्रूड का भाव टूटकर जून 2017 के बाद के निचले स्तर पर आ गया है, जबकि अमेरिकी लाइट क्रूड वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) का दाम अगस्त 2016 के बाद के निचले स्तर पर आ गया है।

इस कारोबारी सप्ताह के आखिरी सत्र में शुक्रवार को कच्चे तेल के दाम में करीब नौ फीसदी की गिरावट आई। ब्रेंट क्रूड के दाम में दिसंबर 2008 के बाद सबसे ज्यादा एक दिनी गिरावट आई है, जबकि डब्ल्यूटीआई के दाम में नवंबर 2014 के बाद की सबसे बड़ी एक दिनी गिरावट आई

है। ब्रेंट क्रूड का भाव इस साल के ऊंचे स्तर से अबतक करीब 37 फीसदी टूट चुका है। आठ जनवरी, 2020 को ब्रेट क्रूड का भाव 71.75 डॉलर प्रति बैरल तक उछला था, जबकि शुक्रवार को भाव 45.19 डॉलर प्रति बैरल के स्तर तक गिरा। ब्रेंट क्रूड के दाम में जनवरी से लेकर अबतक 31 फीसदी, जबकि डब्ल्यूटीआई के दाम में 32 फीसदी की गिरावट आई है। वहीं, भारतीय वायदा बाजार मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर कच्चे तेल के दाम में जनवरी से अब तक 28 फीसदी की गिरावट आई है।

विंडीज ने श्रीलंका को 2-0 से किया क्लीन स्वीप

पल्लेकेल। शिमरॉन हेत्मायेर (नाबाद 43) और आंद्रे रसेल (नाबाद 40) की शानदार पारियों के दम पर वेस्टइंडीज ने श्रीलंका को शुक्रवार को दूसरे और आखिरी टी-20 मुकाबले में सात विकेट से हराकर 2-0 से क्लीन स्वीप कर लिया।

श्रीलंका ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए दासुन शनाका के 24 गेंदों में तीन चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 31 रन की बदौलत 20 ओवर में छह विकेट पर 155 रन बनाए। लक्ष्य

का पीछा करने उतरी विंडीज की टीम ने 17 ओवर में तीन विकेट पर 158 रन बनाकर मैच जीत लिया। रसेल को उनकी शानदार बल्लेबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच और प्लेयर ऑफ द सीरीज का पुरस्कार दिया गया।

श्रीलंका की तरफ से शनाका ने सर्वाधिक 31 रन बनाए। उनके अलावा तिसारा परेरा ने 13 गेंदों में एक चौका और एक छक्का के सहारे नाबाद 21 रनों का योगदान दिया। वेस्टइंडीज की तरफ से फैबियन एलेन ने 24 रन देकर दो विकेट लिया जबकि शेलडन कॉट्रेल, ओशाने थॉमस और ड्वेन ब्रावो को एक-एक विकेट मिला।

विंडीज की पारी में ब्रेंडन किंग ने 21 गेंदों में छह चौकों और दो छक्कों की मदद से 43, हेत्मायेर ने 42 गेंदों में तीन चौकों के सहारे नाबाद 43 और रसेल ने 14 गेंदों में 40 रन की तूफानी पारी में छह छक्के लगाए।

कोरोना वायरस आपातकाल का फायदा उठाने वालों के खिलाफ फेसबुक, इंस्टा सख्त

सैन फ्रांसिस्को (आरएनएस)। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म फेसबुक और इंस्टाग्राम ने शनिवार को अपने प्लेटफॉर्म पर मेडिकल फेस मास्क बेचने वाले विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगा दिए हैं, ताकि लोगों से कोरोनावायरस आपातकाल का फायदा न उठाया जा सके। फेसबुक पर ट्रस्ट/इंटिग्रिटी टीम (विज्ञापनों और वाणिज्यिक उत्पादों के लिए) का नेतृत्व करने वाले रॉब लीथर्न ने ट्विटर पर इस निर्णय की घोषणा की। उन्होंने ट्वीट किया, हम मेडिकल फेस मास्क बेचने वाले विज्ञापनों और प्रोडक्ट लिस्टिंग पर प्रतिबंध लगाने जा रहे हैं। कोविड-19 पर हम कड़ी नजर बनाए हुए हैं।

ईडी दफ्तर पहुंचे यस बैंक के फाउंडर राणा कपूर से पूछताछ जारी

मुंबई (आरएनएस)। यस बैंक मामले में जांच एजेंसियों ने कार्रवाई तेज कर दी है। लुक आउट नोटिस जारी होने के बाद बैंक के फाउंडर राणा कपूर प्रवर्तन निदेशालय के ऑफिस पहुंच चुके हैं।

शुक्रवार को उनके खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी किया गया था। देर रात उनके कई ठिकानों पर ईडी की टीम ने छापेमारी की कार्रवाई को भी अंजाम दिया था। जानकारी के मुताबिक, दीवान हाउसिंग फाइनैंस लिमिटेड (DHFL) को दिए गए लोन के मामले में उनके घर पर छापा मारा गया था। ईडी के अधिकारियों ने शुक्रवार देर शाम को उनका बयान भी रेकॉर्ड किया था।

डीएचएफएल को सैकड़ों करोड़ों के लोन बांटे गए जो बाद में एनपीए में तब्दील हो गया। यस बैंक को बचाने के लिए रिजर्व बैंक की तरफ से तमाम कोशिशें की जा रही हैं। शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा था कि अकाउंट होल्डर्स को घबराने की जरूरत नहीं है। एक महीने के भीतर बैंक का पुनर्गठन किया जाएगा। वित्त मंत्री ने कहा था कि स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने यस बैंक को संकट से उबारने में दिलचस्पी दिखाई है।

डोमेस्टिक क्रिकेट के सचिन वसीम जाफर ने लिया संन्यास

नई दिल्ली। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और डोमेस्टिक क्रिकेट के सचिन कहे जाने वाले वसीम जाफर ने शनिवार को क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने की घोषणा की, जिससे दो दशक तक चले उनके शानदार करियर का भी अंत हो गया।

उन्होंने इस मौके पर कहा, मेरे पिता चाहते थे कि उनका एक बेटा क्रिकेट में देश का प्रतिनिधित्व करे। मैंने उनका यह सपना पूरा किया। मैं गौरवान्वित महसूस करता हूं। भारत की तरफ से 42 वर्षीय जाफर ने 31 टेस्ट मैचों में 34.11 की औसत से 1,944 रन बनाए, जिसमें पांच शतक और 11 अर्धशतक शामिल हैं। उनका उच्चतम स्कोर 212 रन है।

आज का राशिफल

मेषः आज षष्ठम शत्रु भाव में चंद्रमा का प्रबल योग बन रहा है। सांय 5 बजे तक कोई खास डील फाइनल हो जाएगी।

वृषभः आज आपका ध्यान नई योजनाओं में लगेगा। कानूनी विवाद में सफलता स्थान परिवर्तन की योजना सफल हो सकती है।

मिथुनः आज का दिन काफी रचनात्मक है। किसी क्रिएटिव और आर्टिस्ट काम को पूरा करने में आप दिन बिता सकते हैं।

कर्कः आज का दिन काफी सृजनात्मक है, जो भी काम लगन के साथ करेंगे आज उसका फल उसी समय मिल सकता है।

सिंहः आज का दिन वैसे तो काफी व्यस्त रखने वाला है। कार्यक्षेत्र में वरिष्ठ अधिकारी आपके कार्यों में रुकावट डालने की कोशिश करेंगे।

कन्याः आज कार्यक्षेत्र में आपसी वार्ता-व्यवहार में संयम व सावधानी बरतें।

तुलाः आज का दिन आपके लिए लाभकारक है। कार्य-व्यवहार से जुड़े सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं।

वृश्चिकः माली हालात को लें तो आज का दिन काफी मजबूत है। दिनभर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

धनुः आज का दिन सावधानी और सतर्कता का है। बिजनस के मामले में थोड़ा सा जोखिम उठायें तो बड़ा लाभ होने की आशा है।

मकरः आज का दिन सामान्य है। भागीदारी में साझे में किया व्यापार काफी फायदा पहुंचायेगा।

कुंभः व्यापार के मामले में दिन सुखद व्यतीत होगा। जल्दबाजी में कोई भूल हो सकती है।

मीनः आज का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर रहेगा।

कृष 4 में रितिक रोशन के साथ नजर आएंगी दीपिका पादुकोण

बॉलिवुड के टैलंटेड ऐक्टर्स में एक दीपिका पादुकोण और रितिक रोशन को लेकर सोशल मीडिया पर चर्चा हो रही है कि वह दोनों कृष 4 में एक साथ काम करते हुए दिखाई देंगे। दरअसल, एक पार्टी में रितिक रोशन का दीपिका पादुकोण को केक खिलाते हुए विडियो वायरल हो रहा है। तब से लोगों ने इस बात के कयास लगाने शुरू कर दिए। वहीं फैंस भी अपने पसंदीदा स्टार्स को एक साथ सिल्वर स्क्रीन पर देखना चाहते हैं।

फिल्म कृष 4 में रितिक रोशन के साथ काम करने को लेकर अप्रोच किए जाने की रिपोर्ट्स पर दीपिका पादुकोण ने पूरी बात बताई है। ऐक्ट्रेस ने हाल ही एक इंटरव्यू में बताया कि मैंने पहले ऐसा कभी नहीं सुना है। यह सब उनके लिए सरप्राइज की बात है। दीपिका पादुकोण ने आगे कहा कि वह रितिक रोशन के साथ काम करना जरूर चाहेंगी। इसके साथ ही उन्होंने रितिक रोशन की तारीफ की।

वर्कफ्रंट की बात करें तो दीपिका पादुकोण फिल्म 83 में रणवीर सिंह के साथ नजर आएंगी। यह पहला मौका होगा जब शादी के बाद दीपीका और रणवीर एक साथ फिल्म में काम करेंगे। इस फिल्म के अलावा वह द इंटर्न में ऋषि कपूर के साथ और शकुन बत्रा की एक अनाम फिल्म में सिद्धांत चतुर्वेदी और अनन्या पांडे के साथ काम करेंगी। रितिक रोशन आखिरी बार टाइगर श्रॉफ के साथ फिल्म वॉर में नजर आए थे। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन किया। वहीं, रितिक रोशन की कृष सीरीज की चौथी फिल्म कृष 4 का फैंस को बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

बागी 3 में मेरा किरदार दर्शकों को चौंका देगाः विजय वर्मा

बीते साल गली बॉय से लोकप्रिय हुए अभिनेता विजय वर्मा का दावा है कि आगामी फिल्म बागी 3 में उनका किरदार बहुस्तरीय है, जिसे देख दर्शक चौंक जाएंगे।

टाइगर श्रॉफ और श्रद्धा कपूर स्टारर फिल्म में अपने किरदार को लेकर वर्मा ने कहा, मेरा किरदार एक ऐसे व्यक्ति का है जो टाइगर को उनके भाई से मिलाने में मदद करता है। यह किरदार काफी दिलचस्प और बहुस्तरीय है, जिससे दर्शक चौंक जाएंगे। अभिनेता ने आगे कहा, मैं इस लोकप्रिय फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनकर और ऐसे प्रतिभाशाली लोगों के साथ काम करने को लेकर रोमांचित हूं। बागी 3 के साथ मैंने कुछ नया करने की कोशिश की है और प्रशंसकों ने मुझे ऐसी भूमिकाओं में नहीं देखा होगा। फिल्म में अपने हिस्से को लेकर आश्वस्त हूं, क्योंकि यह फिल्म का काफी महत्वपूर्ण हिस्सा है।

वर्मा ने आगे बताया कि इस किरदार के शारीरिक हाव-भाव के लिए उन्हें वर्कशॉप का सहारा लेना पड़ा। वर्मा ने आगे कहा, मेरे किरदार में समाहित होने की प्रक्रिया सामान्य से अलग थी, क्योंकि इस किरदार का फिल्म में स्थान अलग है। ऐसा किरदार मैंने पहले नहीं किया है। हालांकि मेरा किरदार एक बहुस्तरीय है, इसलिए इसे पर्दे पर जीवंत करने के लिए मैंने बॉडी लैंग्वेज और हाव-भाव को किरदार के अनुसार करने के लिए वर्कशॉप का सहारा लिया।

होली में 'खोया गुलाब जामुन' से करें मेहमानों का स्वागत

सामग्री :

खोया- 250 ग्राम, चीनी- 2 कप, पानी- 3 कप, इलायची पाउडर- 1/4 टीस्पून, मैदा- 3 टीस्पून, सूजी- टीस्पून, बेकिंग पाउडर- 1/4 टीस्पून, रिफाइंड ऑयल- डीप फ्राई करने के लिए

विधि :

चाशनी बनाने के लिए सॉस पैन में चीनी और पानी डालकर तेज आंच पर पकाएं, जब यब ब्वॉयह होने लगे। तब आंच मीडियम कर दें और 7 से 8 मिनट तक इसे पका लें। बीच-बीच में इसे चलाते रहिए। फिर इसमें इलायची पाउडर डालकर मिक्स कर लें।

इस बात का ध्यान रखें कि चाशनी एक तार की नहीं बनानी है बल्कि एक तार बनने से पहले आंच बंद कर देनी है। फिर एक बड़ी प्लेट में मावा डालकर अच्छे से मैश कर लें जिससे इसमें गुठलियां न रहें। फिर इसमें मैदा और सूजी डालकर सॉफ्ट होने तक गूंद लें।

इसके बाद इसमें बेकिंग पाउडर डालकर फिर से गूंद लें। इसके बाद इनसे गोल बॉल्स बना लें। फिर इन्हें धीमी आंच पर गोल्डन ब्राउन होने तक डीप फ्राई कर लें। इसके बाद इन बॉल्स को चाशनी में डालें। इन्हें 4-5 घंटे तक चाशनी में रहने दें। इसके बाद सर्व करें।

शब्द सामर्थ्य- 56

बाएं से दाएं

1. ठुड्डी पर के बाल, ठुड्डी, ठोढ़ी 3. विशेष और सामान्य (आदमी), आम और खास लोग (उ.) 5. इच्छा, हसरत, अभिलाषा 6. शारीरिक कोमलता, सुकुमारता (उ.) 7. सविनय, विनती पूर्वक 10. बिलख-बिलख कर रोना 11. कहानी, उपन्यास 12. कुशल, दक्ष, विशेषज्ञ 13. भार, दबाव 14. शुभ-अशुभ की पूर्व सूचना, शुभ अवसर पर होने वाला मंगल कार्य संबंधी गीत 15. एहसान, भलाई, हित 17. सूत काटने, लपेटने में काम आने वाली चर्खे से लगी सलाई 19. एक हिन्दी महीना, श्रावण 20. सप्ताह का एक दिन, बृहस्पतिवार।

ऊपर से नीचे

1. जंगल में लगी आग, दावाग्नि 2. मूल्य, दाम 4. स्वतंत्र, स्वाधीन 5. संकट, कष्ट, दर्द 7. लकड़ी, कन्या, कानों में पहनने का छल्ला, श्रेष्ठ 8. बेइज्जती, अनादार 9. शोभा, सुंदरता, बसंत ऋतु 10. तबाह करने वाला,विनाशक 11. इस समय 13. असुर, राक्षस, दैत्य 14 ए. गुरुमंत्र, बहुत अच्छी युक्ति 15. पर्व, त्यौहार 16. शिकायत, उलाहना, ग्लानि 17. वृक्ष, पेड़ 18. मुंह से निकलने वाला थूक जैसा पदार्थ।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 55 का हल

खा	म	खां			इं			
स	ह		ब	र	सा	त		प
	क	हा	नी		न	क	च	ढ़ा
त			स्व			ली		ई
क	या	म	त		क	फ	न	
दी		दों		बा	बू		ह	वा
र	ह	ना		ल	त	खो	र	
	वा		नी	क	र			सा
भा	ई		का			बा	द	ल

सू-दोकू- 56

		3					7	
9				6		3		8
	7		9		5		6	
						1		9
3		8		7			5	
	1		3		9			7
		2		8		7		
	8				2		4	3
			1					

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र.55 का हल

5	2	4	9	6	7	8	1	3
3	6	7	4	1	8	2	9	5
8	1	9	3	2	5	4	6	7
6	3	5	1	9	4	7	2	8
7	9	8	5	3	2	6	4	1
2	4	1	7	8	6	5	3	9
4	5	3	6	7	9	1	8	2
9	8	6	2	5	1	3	7	4
1	7	2	8	4	3	9	5	6